एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

त नवमी विक्रम संवत 2083 | बरेली | रविवार, 10 मई 2026,

PAGE NO.- III : BOTTOM

चिकित्सा के नए दौर पर किया मंथन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

एसआरएमएस में आयोजित कांफ्रेंस में मौजूद विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

- एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में यूपीसीसीडीएसआईकोन का हुआ आरंभ
- पहले दिन देशभर से जुटे विशेषज्ञों ने साझा की आधुनिक चिकित्सा से जुड़ी जानकारी

अमृत विचारः एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवार को दूसरी यूपीसीसीडीएसआईकोन व छठवीं एसआरएमएस मेडिसिन अपडेट कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। पहले दिन उद्घाटन सत्र के साथ 8 साइंटिफिक सत्र हुए, जिसमें देशभर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मधुमेह, कार्डियो-मेटाबोलिक रोग, हाइपरटेंशन, किडनी रोग, यौन स्वास्थ्य एवं आधुनिक चिकित्सा तकनीकों पर नवीनतम जानकारियां साझा कीं।

मुख्य अतिथि एसजीपीजीआई लखनऊ के निदेशक पद्मश्री डॉ. आर.के. धीमन ने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान वहां होने वाले रिसर्च से होती है और विद्यार्थियों को आईसीएमआर जैसी संस्थाओं से मिलने वाली ग्रांट का लाभ उठाकर शोध पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। चेयरमैन देव मूर्ति ने विद्यार्थियों को 'बेड साइड लर्निंग' यानी मरीज के पास रहकर सीखने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. ए.एन. राय और डॉ. अनुज महेश्वरी ने जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और डायबिटीज पर शोध की कमी पर चिंता व्यक्त की। डॉ. अनिल कुमार विरमानी ने भविष्य की चिकित्सा प्रणाली में एआई के प्रभाव को समझाया, वहीं डॉ. दीपक जुमानी ने यौन स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों पर चर्चा की। यूपीसीसीडीएसआई के सेक्रेटरी डॉ.साजिद अंसारी, एपीआई बरेली के प्रेसिडेंट डॉ.अनुपम शर्मा, यूपी आईएमए के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ.रवीश कुमार, आईएमए बरेली के प्रेसिडेंट डॉ.अतुल श्रीवास्तव, डॉ.अंशु अग्रवाल, डॉ.मृत्युंजय सिंह, डॉ.नरसिंह वर्मा, डॉ.शरद अग्रवाल, डॉ. सुदीप सरन, डॉ.आदित्य कपूर, डॉ.दर्शन मेहरा, सुभाष मेहरा, डॉ.निर्मल यादव, डॉ.आरपी सिंह, डॉ.रोहित शर्मा, डॉ. .एसके सागर, डॉ.बिंदु गर्ग आदि मौजूद रहे।